भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य)
भोपाल, मध्यप्रदेश

सत्यमेव जयते

Govt. of India
Ministry of Home Affairs
Department of Official Language
Regional Implementation Office (Central)
Bhopal, Madhya Pradesh

फा.सं. क्षे.का.का./नराकास/नाम-मंथन/ऑन-प्रतियोगिता/मप्र-छग/मध्य-क्षेत्र/भोपाल/2026-27/973-1044,1045 दिनांक : 16 जून, 2026

सेवा में,

माननीय अध्यक्ष/सदस्य सचिव,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास),
मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ (मध्य क्षेत्र)

(अंतिम तिथि - २०जून २०२६)

विषय : बहुभाषी अनुवाद टूल 'भारती' के डेटा सेंटर और चैटबोट के लिए ऑनलाईन प्रतियोगिता 'नाम-मंथन' के आयोजन के संबंध में।

संदर्भ : अवर सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, भारतीय भाषा अनुभाग, एन.डी.सी.सी.-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001 का दि. 11/06/2026 का कार्यालय ज्ञापन सं. 11014/35/2026-रा.भा.(भा.भा.अनु.) (पत्र संलग्न)।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के संदर्भित कार्यालय ज्ञापन (प्रतिलिपि संलग्न) की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया जाता है। जैसा कि आप सभी भली-भांति अवगत हैं, राजभाषा विभाग द्वारा विकसित बहुभाषी अनुवाद सॉफ्टवेयर 'भारती' का लोकार्पण दि. 14 सितम्बर 2025 को हिंदी दिवस 2025 एवं 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर माननीय गृह मंत्री जी के द्वारा किया गया था। वर्तमान में इस सॉफ्टवेयर की हॉस्टिंग और मशीन अनुवाद हेतु भाषा मॉडल के प्रशिक्षण आदि कार्यों के लिए एक डेटा सेंटर का निर्माण किया जा रहा है।

2................भारती बहुभाषी अनुवाद सारथी सॉफ्टवेयर के लिए विकसित चैटबोट तथा डेटा सेंटर के सार्थक, संक्षिप्त, मौलिक (कॉपीराईट से मुक्त) और भारतीय भाषाओं, राजभाषा हिंदी, संस्कृति व तकनीकी नवाचार को प्रतिबिंबित करने वाले नामों के चयन हेतु विभाग द्वारा एक ऑनलाईन प्रतियोगिता 'नाम-मंथन / Name-Quest' आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता की प्रमुख शर्ते एवं नियम निम्नानुसार है :-

- पात्रता : केंन्द्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय/बैंक/उपक्रम/निगम/बोर्ड/केन्द्रीय विश्वविद्यालय इत्यादि के अधिकारी इसमें भाग ले सकते हैं।
- प्रविष्टि सीमा : प्रत्येक प्रतिभागी डेटा सेंटर और चैटबोट के लिए अधिकतम 3-3 पृथक नाम प्रस्तावित कर सकता है। नाम के साथ उसका अर्थ एवं औचित्य का संक्षिप्त विवरण (अधिकतम 100 शब्दों में) देना अनिवार्य होगा।
- अंतिम तिथि : ऑनलाईन फॉर्म के माध्यम से प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि 20/06/2026 है।
- पुरस्कार : चयनित विजेताओं को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। (विस्तृत नियम/शर्ते संलग्न)

3................अत: मध्य क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाली सभी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) के माननीय अध्यक्षों एवं सदस्य सचिवों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के सभी सदस्य कार्यालयों में इस प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करवाएं एवं सभी अधिकारियों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

4................सभी प्रतिभागियों से अनुरोध है कि प्रतियोगिता के संलग्न पोस्टर पर दिए गए क्यूआर (QR) कोड को स्कैन करके या आधिकारिक गूगल फॉर्म लिंक (https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSf-cZ4HtE2HY0-trorIESMO6sNpvJoJYqaD0bA6W3yKyOiAdQ/viewform) के माध्यम से अपनी प्रविष्टियां 20 जून 2026 से पहले अवश्य दर्ज करना सुनिश्चित करें।

सादर,

16/6/2026

(नरेन्द्र सिंह मेहरा)
उप निदेशक (कार्यान्वयन)
एवं कार्यालयाध्यक्ष

संलग्नक : यथोपरि (संदर्भित पत्र),

प्रतिलिपि : अवर सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, भारतीय भाषा अनुभाग, एन.डी.सी.सी.-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001 को दि. 11/06/2026 के कार्यालय ज्ञापन सं. 11014/35/2026-रा.भा.(भा.भा.अनु.) के संदर्भ में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

पता : 52-ए, निर्माण सदन, कमरा नं. 206, द्वितीय तल, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462 011 (मध्यप्रदेश)
Address : 52-A, Nirman Sadan, Room No. 206, Second Floor, Arera Hills, Bhopal - 462 011 (Madhya Pradesh)
दूरभाष / Telephone : 0755 298 5862, 99112-16373
ईमेल पता / Email ID : ddimplbho-mp@nic.in

फा. सं - 11014/35/2026 रा.भा (भा.भा.अनु.)

वर्षा वर्मा
15/6/26

श्री नोमिशा जी,

गृह मंत्रालय
राजभाषा अनुभाग
भारतीय भाषी अनुभाग

16/6/26

15-6-2026
254

कार्यालय ज्ञापन

**विषय: बहुभाषी अनुवाद टूल "भारती" के डेटा सेंटर और चैटबोट के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन।**

राजभाषा विभाग द्वारा विकसित बहुभाषी अनुवाद सॉफ्टवेयर "भारती" का लोकार्पण दिनांक 14 सितंबर 2025 को हिंदी दिवस 2025 एवं पाँचवे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में माननीय गृह मंत्री जी के द्वारा किया गया था। इस सॉफ्टवेयर की होस्टिंग तथा मशीन अनुवाद हेतु भाषा मॉडल के प्रशिक्षण आदि कार्यों के लिए एक डेटा सेंटर का निर्माण किया जा रहा है।

2. भारती बहुभाषी अनुवाद सारथी सॉफ्टवेयर के लिए विकसित चैटबोट तथा डेटा सेंटर के लिए नामकरण के चयन हेतु एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से भारतीय भाषाओं, राजभाषा हिंदी तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की भावना के अनुरूप सृजनात्मक एवं सार्थक नामों का चयन करना है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय/बैंक/उपक्रम/निगम/बोर्ड /केंद्रीय विश्वविद्यालय इत्यादि के अधिकारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

3. इस प्रतियोगिता के नियम/शर्तें निम्नलिखित हैं:-

**क.** प्रतिभागी डेटा सेंटर एवं चैटबोट के लिए अधिकतम 3-3 पृथक (डेटा सेंटर एवं चैटबोट हेतु) नाम प्रस्तावित कर सकते हैं।
**ख.** प्रस्तावित नाम मौलिक, सार्थक, संक्षिप्त तथा भारतीय भाषाओं, संस्कृति एवं तकनीकी नवाचार की भावना को प्रतिबिंबित करने वाले होने चाहिए। नाम के साथ उसके अर्थ एवं औचित्य का संक्षिप्त विवरण (अधिकतम 100 शब्दों में) देना आवश्यक होगा। प्रस्तावित नाम कापीराइट से मुक्त होना चाहिए ।
**ग.** प्रतियोगिता की अंतिम तिथि दिनांक **20/06/2026** होगी।
**घ.** प्रतिभागियों द्वारा भेजे गए नामों की समीक्षा विभाग द्वारा गठित समिति के माध्यम से की एवं समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
**ङ.** विभाग चयनित नाम में आंशिक संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

4. प्रतियोगिता का परिणाम जुलाई 2026 माह के अंतिम सप्ताह तक राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को विभाग द्वारा प्रशस्ति-पत्र किया जाएगा, जिसकी सूचना विभाग के वेबसाईट पर यथासमय दे दी जाएगी।

Digitally signed by
Dinesh Kumar Jha
Date: 11-06-2026
17:

**(दिनेश कुमार झा)**
**अवर सचिव**

**प्रतिः-**

1. **सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।**
2. **सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।**
3. **सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।**

राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
भारत सरकार

भारती
बहुभाषी अनुवाद सारथी

सीडैक
CDAC

# नाम-मंथन

## डेटा सेंटर और चैटबॉट का नामकरण करें

**भारत के पहले स्वदेशी और आत्मनिर्भर डेटा सेंटर और भारती बहुभाषी अनुवाद सारथी के चैटबॉट का नामकरण के लिए नाम आमंत्रित हैं।**

भारत की भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला बहुभाषी अनुवाद मंच







आपकी रचनात्मकता
भारत की डिजिटल संपत्तियों
के पहचान को आकार दे सकती है

चयनित विजेताओं को
राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय द्वारा
प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा

**भाग लेने के लिए**
**स्कैन करें**

Scan| Fill | Submit

### अपने सुझाव साझा करें

1. स्वदेशी डेटा सेंटर के लिए नाम सुझाव
2. भारती बहुभाषी चैटबॉट के लिए नाम सुझाव

अपनी प्रविष्टियाँ 20 जून 2026 से पहले जमा करें

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSf-cZ4HtE2HY0-trorIESMO6sNpvJoJYqaD0bA6W3yKyOiAdQ/viewform

**भारत के डिजिटल भविष्य को एक साथ बनाना**

**आइए, योगदान करें और इस सार्थक पहल का हिस्सा बनें!**

राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
भारत सरकार

भारती
बहुभाषी अनुवाद सारथी

सी-डैक
CDAC

# Name-Quest

## Suggest Names for the Data Centre and Chatbot

We invite name suggestions for India's first indigenous and self-reliant Data Centre and the chatbot of Bharati Bahubhashi Anuvada Sarthi.

A Multilingual Translation Platform Representing the Languages of India







Shape the identity of India's digital assets with your creativity

Selected winners will be awarded a Certificate of Appreciation by the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs

**Scan to Participate**

Scan| Fill | Submit

### Share Your Suggestions

1. Propose a Name for the Indigenous Data Centre
2. Propose a Name for the Bharati Bahubhashi Chatbot

Submit Your Entries Before 20 June 2026

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSf-cZ4HtE2HY0-trorIESMO6sNpvJoJYqaD0bA6W3yKyOiAdQ/viewform

**Empowering India's Digital Future Together**

**Join us, contribute, and be a part of this meaningful initiative!**